Sociology

SEM-1 MJC-1, MIC-1

Topic :- समाजशास्त्र एवं अन्य सामाजिक विज्ञानों में सम्बन्ध (Relation between Sociology and other social sciences)

समाजशास्त्र एक व्यापक सामाजिक विज्ञान है, जो समाज के समग्र अध्ययन से जुड़ा है। अन्य सामाजिक विज्ञान - जैसे - मानवशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनिति विज्ञान - आदि समाज के किसी विशेष पक्ष का अध्ययन करते हैं। इसलिए समाजशास्त्र का इन सभी से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

इस विषय पर विभिन्न विद्वानों के विचार निम्नलिखित हैं :-

1 (August Comte) अगस्त कॉम्त के अनुसार -

* समाज-शास्त्र एक समग्र सामाजिक विज्ञान है।
* अन्य सामाजिक विज्ञान समाज के अलग अलग भागों का अध्ययन करते हैं।
* समाजशास्त्र सभी सामाजिक तथ्यों को एक साथ जोड़कर समझता है।
* अन्य सामाजिक विज्ञान समाजशास्त्र पर निर्भर हैं।

निष्कर्ष :- समाजशास्त्र अन्य सामाजिक विज्ञानों की आधारशिला है।

2. (Herbert Spencer) स्पेंसर के विचार :-

# समाज की तुलना मानव शरीर से की
# जैसे शरीर के अंग स्वतंत्र होते हुए भी परस्पर जुड़े होते हैं, वैसे ही सभी सामाजिक विज्ञान स्वतंत्र होते हुए भी परस्पर जुड़े रहते हैं।

निष्कर्ष :- समाजशास्त्र और अन्य सामाजिक विज्ञानों में परस्पर निर्भरता है।

गिडिंग्स के अनुसार (F.H Giddings) -

# समाजशास्त्र का अपना स्वतंत्र दृष्टिकोण है।
# समाजशास्त्र अन्य सामाजिक विज्ञानों के निष्कर्षों का उपयोग करता है, परंतु उन पर अधिकार नहीं जमाता।

निष्कर्ष :- समाजशास्त्र सहायक एवं समन्वयकारी विज्ञान है।

सोरोकिन (Pitirim Sorokin) -

# कोई भी सामाजिक विज्ञान पूर्णतः स्वतंत्र नहीं हो सकता
# सभी सामाजिक विज्ञानों में लेन-देन का सम्बन्ध है

Scanned with CamScanner